तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 27 अक्टूबर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

3 जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में बिश्रामपुर के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन






### 2019 में शुरू किया गया था अभियान, अब तक 21 हजार 800 लोगों ने दिया प्लास्टिक कचरा

# प्लास्टिक कचरे के बदले भरपेट भोजन, मन की बात में पीएम नरेन्द्र मोदी ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

देश और दुनिया में स्वच्छता प्रबंधन में अपनी पहचान बनाने वाले नगर निगम के गार्बेज कैफे ने एक बार फिर से देश भर में शहर का मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रसारित मन की बात में प्लास्टिक कचरे से मुक्ति के लिए शुरू किए गए नवाचार गार्बेज कैफे की सराहना की है। प्लास्टिक कचरे के बदले भरपेट भोजन और नाश्ता उपलब्ध कराने की सुविधा का पीएम ने जिक्र किया है। पीएम द्वारा की गई इस सराहना से शहर वासियों, स्वच्छता दीदियों में हर्ष का माहौल है।

**खास बात**
- टोकन लेकर आने पर दिया जाता है नाश्ता व खाना

स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाए जा रहे अभियान में नगर निगम अंबिकापुर ने शुरुआत से ही नित नए-नए नवाचार किए है। ननि के डोर टू डोर कचरा प्रबंधन को प्रदेश ही नहीं देशभर में अपनाया है। इसके साथ ही स्वच्छता प्रबंधन के तहत प्लास्टिक कचरा से निपटने के लिए नगर निगम की पूर्ववर्ती सरकार ने गार्बेज कैफे की परिकल्पना लाई गई थी। शहर को प्लास्टिक कचरा से मुक्त करने के साथ ही प्रतिदिन निकलने वाले प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए 9 अक्टूबर 2019 को नगर निगम ने शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में गार्बेज कैफे की शुरुआत की थी। गार्बेज कैफे की स्थापना के बाद से ही इसका निरंतर संचालन किया जा रहा है और एक किलो प्लास्टिक कचरा लेकर आने पर भरपेट भोजन और आधा किलो प्लास्टिक कचरा लेकर आने पर नाश्ता दिया जाता है। बड़ी बात यह है कि स्थापना के बाद से अब तक 21 हजार 800 लोगों ने 19 हजार किलो कचरा एकत्रित कर प्रदान किया है और इसके बदले लोगों को नाश्ता और खाना उपलब्ध कराया गया है। इस पहल से ननि को स्वच्छता अभियान में मदद मिली। शहर में सड़कों और नालियों में पहले प्लास्टिक कचरा पड़ा रहता था लेकिन अब इसमें काफी कमी देखी गई है।




प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में संचालित गार्बेज कैफे।

#### प्लास्टिक कचरे का बना रहे ग्रेनुअल

नगर निगम ने ना सिर्फ प्लास्टिक कचरे को शहर से साफ करने के लिए गार्बेज कैफे की व्यवस्था की बल्कि इस शहर के एसएलआरएम सेंटरों में आने वाले प्लास्टिक कचरे के निपटान हेतु प्लास्टिक वेस्ट प्लांट की स्थापना की। आने वाले प्लास्टिक कचरे को सीधे प्लास्टिक वेस्ट प्लांट में भेजा जाता है जहां इनका ग्रेनुअल बनकर प्लास्टिक उत्पाद निर्माता कंपनी को विक्रय किया जा रहा है और इससे निगम की दीदियों को आय हो रही है।

#### क्या था उद्देश्य

नगर निगम अंबिकापुर ने शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए गार्बेज कैफे की स्थापना की थी। इस गार्बेज कैफे की मूल धारणा थी कि शहर में कूड़ा कचरा बिनने वाले ऐसे निम्न वर्ग के लोग जिन्हे भोजन तक उपलब्ध नहीं हो पाता है उन्हें नगर निगम भरपेट भोजन उपलब्ध कराएगा। इसके बदले उन्हें सिर्फ शहर से प्लास्टिक कचरा चुनकर लाना पड़ेगा। इस योजना से शहर से प्लास्टिक कचरा भी साफ हो जाएगा और गरीबों को भरपेट भोजन भी मिल सकेगा।

#### ये कर चुके है योजना की सराहना

नगर निगम के गार्बेज कैफे ने स्थापना से पहले ही देश विदेश में ख्याति हासिल कर ली थी। स्थापना के पूर्व ही गार्बेज कैफे को लेकर विदेश में जिम स्टीवेंशन, रिक एडकिंस के साथ ही देश के उद्योगपति आनंद महिंद्रा भी ट्वीट कर तारीफ कर चुके है। इसके साथ ही विदेश में चलने वाले ढाका ट्रिब्यून, द ऑप्टिमिष्ट डेली, वर्ल्ड न्यूज नेटवर्क, ग्लोबल सिटीजन सहित अन्य बड़े समाचार पत्रो पत्रों ने भी प्लास्टिक कचरे के बदले भोजन दिए जाने की सराहना की थी। इसके साथ ही वर्तमान में बीबीसी ऑल एडिशन में तीन माह पूर्व ग्लोबल स्तर पर प्रकाशित किया गया था।

#### क्या कहा पीएम मोदी ने

रविवार को प्रसारित मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गार्बेज कैफे की सराहना करते हुए कहा कि छग के अंबिकापुर में शहर से प्लास्टिक कचरा साफ करने के लिए अनोखी पहल की गई है। अंबिकापुर गार्बेज कैफे चलाए जा रहे है। ये ऐसे कैफे है जहां प्लास्टिक कचरा लेकर जाने पर भरपेट खाना खिलाया जाता है। यदि कोई व्यक्ति एक किलो प्लास्टिक लेकर जाए दोपहर या रात का खाना मिलता है और आधा किलो प्लास्टिक लेकर जाए नाश्ता मिल जाता है, ये कैफे अंबिकापुर मुनिसिपल कारपोरेशन चला रहा है।

#### प्रतिवर्ष देखी गई गिरावट

नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत गार्बेज कैफे की शुरुआत वर्ष 2019 में की गई थी जिसके बाद वर्ष 2020 में नगर निगम में 292 टन, 2021 में 270 टन, 2022 में 269 टन, 2023 में 254 टन व 2024 में 226 टन प्लास्टिक कचरा आया है जबकि 2025 में भी यह अभियान जारी है। अधिकारियों के अनुसार अब तक ननि में लगभग 70 टन कचरे में कमी आई है। इससे यह देखा जा रहा है कि प्रतिवर्ष प्लास्टिक कचरा के उपयोग के प्रति जागरूकता आई है। हालांकि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा हुआ है लेकिन अभी भी इसका पूर्ण रूप से उपयोग बंद नहीं हुआ है लेकिन अभी भी अभियान जारी रहने से लोग जागरूक हो रहे है।

#### सुचारू रूप से संचालन



स्वच्छता प्रबंधन में नगर निगम ने अपनी पहचान बनाई है और अब गार्बेज कैफे के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर ननि के पहल की तारीफ की इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद और आभार। गार्बेज कैफे ने शहर को पहचान दिलाई है, इसका संचालन सुचारू रूप से किया जाएगा। जो भी कमी होगी उसे दूर करने के साथ ही जरुरत पड़ी तो एक और गार्बेज कैफे खोला जाएगा।

-मंजूषा भगत
महापौर ननि

#### सभी को बधाई



वर्ष 2019 में सभी के प्रयास से गार्बेज कैफे को शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य प्लास्टिक कचरे का निपटान और जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराना था। पीएम नरेंद्र मोदी ने आज इस अभियान की तारीफ की जिसके लिए सभी को बधाई और पीएम को भी धन्यवाद। जिस गार्बेज कैफे के कारण अंबिकापुर की पहचान बनी उम्मीद करते है वर्तमान की भाजपा सरकार भी इसे बढ़ाएगी और अभियान जारी रखेगी।

-डॉ. अजय तिर्की
पूर्व महापौर

## खबर संक्षेप

### जनसमस्या निवारण शिविर अब 9 जनवरी को

**अम्बिकापुर।** जिले विकासखण्ड सीतापुर के ग्राम सरगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन अब शुक्रवार, 9 जनवरी को किया जाएगा। पूर्व में यह शिविर ग्राम गेरसा में 31 अक्टूबर को आयोजित होना निर्धारित था किंतु अपरिहार्य कारणों से तिथि एवं स्थल में आंशिक संशोधन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी विभाग प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख निर्धारित तिथि पर शिविर स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु पूर्व में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

### शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 को

**अम्बिकापुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ समारोह 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे शासकीय बहु उद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल होंगे वहीं समारोह की अध्यक्षता सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज, विधायक सीतापुर राम कुमार टोप्पो, छग गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, छग राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं सरगुजा अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, ननि सभापति हरमिंदर सिंह एवं जिपं उपाध्यक्ष देव नारायण यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं जिला आयोजन समिति, अम्बिकापुर द्वारा किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आए छात्र-प्रतिभागी भाग लेंगे। खेल प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना को प्रोत्साहन मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, खो-खो सहित विभिन्न खेलों की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 31 अक्टूबर शासकीय बहु उद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के क्रीड़ांगन में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे।

## सोनवाही निवासी सब्जी व्यवसाई महिला की झाड़ियों में मिली लाश, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पुलिस व फॉरेनसिक टीम मौके पर पहुँच जांच में जुटी

लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम सोनवाही में रविवार को गांव की ही एक 37 वर्षीया महिला का शव संदिग्ध हाल में झाड़ियों में पड़ा हूआ मिला है, मामला प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतीत होने से पुलिस के उच्च अधिकारी एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पंचनामा की कार्यवाही की है जिसके बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है,पुलिस टीम मामले की अलग अलग दृष्टिकोण से जांच में जुटी है,बताया गया कि ग्राम सोनवाही निवासी उर्मिला राजवाड़े पति हुकुम साय 37 वर्ष जो अलग अलग बाजार में सब्जी भाजी विक्रय का कार्य करती है,शनिवार 25 अक्टूबर को भी वह सामान्य दिनों की तरह सब्जी बेचने अंबिकापुर गई हुई थी जो वापस नहीं लौटी,परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे,इसी बीच आज रविवार को गांव के बच्चे मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे तभी उनकी गेंद झाड़ियों तक पहुंच गई,बच्चे जब गेंद लेने झाड़ियों के बीच पहुंचे तो पाया कि महिला का शव मौके पर पड़ा हुआ है,बच्चे भयभीत हो गए और अपने परिजनों को इसकी सूचना दी, जब गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो महिला के शव को देखकर उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी।सूचना पर मौके पर पहुंची लटोरी पुलिस ने उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी देकर एफएसएल टीम को बुला शव पंचनामा की कार्यवाही पूरी की है,एसडीओपी अभिषेक पैकरा विधि विधान विशेषज्ञ सहित करंजी चौकी पुलिस मामले की जांच में जुटी है,महिला के कान के पास चोट के निशान देखे गये हैं,महिला की हत्या क्यों और किस वजह से की गई है पुलिस इसकी जांच कर रही है,पुलिस परिजनो के साथ उसके साथियों को भी तलब कर जरूरी पूछताछ कर रही है,पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद स्थिति कुछ स्पष्ट हो सकेगी।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस, इनसेट में मृतिका।

## बलंगी चौकी में पदस्थ एएसआई और आरक्षक के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- दो अलग अलग घटनाओं का वीडियो वायरल, अब तक नहीं हुई शिकायत

बलंगी चौकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक और आरक्षक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 21 और 23 अक्टूबर की बताई जा रही है लेकिन अब वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। बड़ी बात यह है कि मार खाने वाले एएसआई का तबादला जशपुर जिले में कर दिया गया है। इसके साथ ही दोनों पुलिसकर्मियों की ओर से किसी प्रकार की शिकायत नहीं की गई है। बलंगी चौक पुलिस द्वारा मामले में वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ प्रतिबन्धात्मक कार्रवाई की गई है लेकिन इस घटना से क्षेत्र में कानून वयवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। लोगों के हौसले इतने बुलंद है कि वे पुलिसकर्मियों पर हमला कर रहे है।

बताया जा रहा है कि इन दिनों सोशल मीडिया में दो अलग अलग वीडियो वायरल हो रहे है। वायरल वीडियो में बलंगी चौकी में पदस्थ पुलिसकर्मियों के साथ लोगों के द्वारा मारपीट की जा रही है। पहला वीडियो 21 अक्टूबर की रात का बताया जा रहा है। बलंगी चौकी के सामने संचालित ठेले के पास एक ग्रामीण ने नशे में धुत आरक्षक सुरेंद्र की पिटाई कर दी। वीडियो में आरक्षक को ग्रामीण 4 से 5 थप्पड़ लगाते हुए दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही दूसरा वीडियो 23 अक्टूबर की सुबह का है। ग्रामीणों की भीड़ के सामने एक युवक ने नशे में धुत एएसआई नंदलाल को थप्पड़ जड़ दिया। इस दौरान एएसआई नशे में लडखडा रहा है। यह पूरी घटना भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष की मौजूदगी में घटी। स्थानीय दबंगों ने शराब के नशे में धुत पुलिसकर्मियों को खदेड़-खदेड़कर पीटा। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आई गई है और कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे है। ऐसा इसलिए क्यों कि मार खाने वाले पुलिसकर्मियों की ओर से किसी प्रकार का शिकायती आवेदन तक नहीं दिया गया है। हालांकि मार खाने वाले एएसआई नंदलाल का जशपुर जिले में ट्रांसफर कर दिया गया है और उसे रिलीव भी कर दिया गया है।

इस संबंध में बलंगी चौकी प्रभारी डाकेश्वर सिंह ने बताया कि घटना 21 और 23 अक्टूबर की है। पुलिसकर्मियों की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है। वीडियो के आधार पर पहचान कर आरोपियों के खिलाफ 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।










Happy Chhath Puja
सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व एवं भगवान सहस्त्रबाहु जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं...
CA एच. एस. जायसवाल
अम्बिकापुर
यशस्वी जायसवाल
एडव्होकेट


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
विनोद कुमार दुबे
अतिरिक्त लोक अभियोजक
अम्बिकापुर


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
कमलेश तिवारी
पार्षद नगर पालिक निगम अम्बिकापुर
अध्यक्ष-भारतीय जनता पार्टी
नगर मण्डल अम्बिकापुर (समलाया)


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनुराग सिंहदेव
अध्यक्ष, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल
केबिनेट मंत्री दर्जा


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
आलू प्याज के थोक विक्रेता
मारुति आलू भण्डार
गुदरी चौक, प्रतापपुर रोड, अम्बिकापुर
दिलीप - 9826122932 24242-51001
रमेश प्रसाद गुप्ता


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
Chhath Puja
गीता प्रजापति
पार्षद
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सत्येन्द्र प्रताप सिंह
एच. एन, इन्फोटेक - चोपड़ापारा, अम्बिकापुर
जानकी फ्यूल्स-लटोरी रोड, दतिमा
मो. 9425257102


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Chhath Puja
उन्मेष तिवारी
अधिवक्ता/नोटरी
जिला एवं सत्र न्यायालय अम्बिकापुर


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
छठ पुजा
डॉ. सी. के. मिश्रा
अध्यक्ष
राजपत्रित अधिकारी संघ सरगुजा


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
निलेश सिंह
भाजपा नेता सरगुजा, निवास- अजिरमा-अम्बिकापुर


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अभिषेक शर्मा अधिवक्ता
(आयकर एवं जीएसटी)
अध्यक्ष-टैक्स बार एसोसिएशन सरगुजा
प्रदेश सहसंयोजक-आर्थिक प्रकोष्ठ छ.ग.
भाजपा सरगुजा


सूर्योपासना का महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
लक्ष्मी जायसवाल
अध्यक्ष, दिल्ली पब्लिक स्कूल, अम्बिकापुर

## कीटनाशक पीने की गंभीर छात्रा की गई जान

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम भदवाही जामडीह निवासी नीतू आ. राम जगत (15 वर्ष) ग्राम खमरिया में कक्षा 11वीं में पढ़ाई करती थी। 22 अक्टूबर को नीतू का जन्मदिन था और वह घर में अकेली थी जबकि परिजन किसी काम से बाहर गए थे। परिजन वापस घर लौटे तो नीतू के मुंह से झाग निकलते देख पूछताछ की लेकिन बालिका कुछ नहीं बताई। परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बालिका की मौत हो गई।

# जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में बिश्रामपुर के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

सूरजपुर जिला जूडो संघ के तत्वावधान में 25 अक्टूबर को नगर के बंगाली क्लब परिसर में आयोजित जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन दिखाया। मुकाबले में बिश्रामपुर, चिरमिरी समेत जिलेभर से आई टीमों के जूडो खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक और दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह थे,अन्य अतिथियों में पूर्व नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष राजेश यादव, बिश्रामपुर नपं उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, जूडो संघ के उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौहान भी मौजूद थे।


खेल का प्रदर्शन करते खिलाड़ी।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया गया। पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि खेल न केवल बच्चों के शारीरिक विकास में सहायक हैं बल्कि यह उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी संचार करते हैं। जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में बिश्रामपुर और चिरमिरी की टीमों के बीच कई मुकाबले रोमांचक रहे। निर्णायक के रूप में अभिषेक सिंह, जैद खान, अयान मंसुरी, कमाक्षी सिंह,अनिस जायसवाल, तथा पूर्व खिलाड़ी तनवीर सिंह, अमन नायक और पियूष कुमार ने निर्णय दिए, मेजबान टीम बिश्रामपुर ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया, स्वर्ण पदक विजेता नैतिक कुमार, प्रदीप राम, आर्यन नायक, कैफ हसन, आयुष मित्तल, नियाना, अराध्या सोनिया, सोनम, शिवांस, रोमा सिंह, शिवानी एवं अन्नपूर्णा, रजत पदक विजेता लक्ष्य थापा, विजय बिसी, आयुसी कंगाली, श्रेया मिश्रा, श्रद्धा लकड़ा, आराध्या, शिवाय, समा अफ्रिन एवं दीप्ति दुबे, कांस्य पदक विजेता आयुष कुमार, प्राची साहू एवं आरोही सिंह रहे। चिरमिरी टीम के खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक सानवी सिंह एवं अदिबा नाज, रजत पदक ईशु राजवाड़े, पियूष केवाट और आस्था पैकरा ने प्राप्त किया।

टीम की कोच सीमा सिंह ने सभी विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इन बच्चों में राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की पूरी क्षमता है। आयोजन को सफल बनाने में जूडो संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह, समिति अध्यक्ष अयान मंसुरी सहित अफ्ताब आलम, अमन कश्यप, पीके वैध, संतोष मिश्रा, पोरेस सिन्हा, चित्रा मिश्रा, श्याम घोषाल, लखन कुर्रे, राजेन्द्र प्रसाद, रोमा सिंह व अन्य सक्रिय रहे।

## कीटनाशक से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम कचंनपुर निवासी मान सिंह आ. शिव रतन (65 वर्ष) 17 अक्टूबर को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

## पात्र कोल कर्मी को कम्पनी आवास आबंटित करने हेतु जीएम समेत निदेशक को लिखा गया पत्र

**बिश्रामपुर।** साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस इंटक के क्षेत्रीय महामंत्री अजीत कुमार यादव ने एसईसीएल क्षेत्रीय महाप्रबंधक सहित कंपनी के निदेशकों को पत्र लिखकर क्षेत्र के वन बी 44 नंबर क्वार्टर में अवैध रूप से काबिज व्यक्ति से कब्जा खाली कराकर पात्र कोल कर्मी को उक्त आवास आबंटन कराये जाने की मांग की है,महाप्रबंधक को लिखित शिकायत में अजीत यादव ने उल्लेख किया है कि अविनाश सिंह द्वारा गलत तरीके से उक्त आवास को लगभग चार से पांच वर्षों से कब्जा कर नियम विरुद्ध तरीके से उक्त कम्पनी आवास का लाभ ले रहा है,जबकि वह और उसका परिवार वन बी टाइप क्वार्टर के इंटाइटल श्रेणी में नहीं आता है,उन्होंने पत्र में लिखा है कि उनके मांग की सुनवाई नहीं हुई तो वह महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे।


रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 9 नवंबर, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से शाम 5 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — शाम 5 बजे से 7 बजे तक

सरगुजा मार्केट

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB (Ortho) MNAMS, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS(General Surgeon), जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले — MS, ENT
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO, कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती
डॉ. कमल नारायण गुप्ता
डॉ. संदीप गुप्ता
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. राहुल शामकांत जाधव
डॉ. सुरभि
डॉ. आयुशी गुप्ता
डॉ. मीना राव
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
डॉ.प्रज्ञा ओझा — MBBS, DGO (OBS & GYN), स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ.इति गुप्ता — MBBS, DDV, FAD (Mumbai)
डॉ.मनीष गुप्ता — BDS, DCC, DMT, LAS (Mumbai), दंत चिकित्सक एवं स्किन कॉस्मेटोलॉजिस्ट

वर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
डॉ.विकास अग्रवाल Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक - 26 अक्टूबर 2025, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जाँच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 26 अक्टूबर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
संपर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
सम्पर्क करें - 7587722255

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

आस्था, पवित्रता व सूर्य उपासना के महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं....
उच्च गुणवत्ता वाले हॉलमार्क सोने एवं चांदी के जेवर
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों का विशाल संग्रह
KJ स्थापना: 1928
कंचन ज्वेलर्स
सदर रोड अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
फोन - 07774-222309

सूर्य षष्ठी (छठ) पर्व की शुभकामनाएं...
भारत ज्वेलर्स
महाराजा गली के सामने, देवीगंज रोड, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा
GOLD I SILVER I DIAMOND
वैलेट पार्किंग सुविधा उपलब्ध
उच्च गुणवत्ता वाले हॉलमार्क सोने के जेवर उपलब्ध
चांदी के हॉलमार्क जेवर उपलब्ध
नवरत्न एवं जेवरों का विशाल संग्रह
happy Chhath puja
वाजिब दाम न्यूनतम मजदूरी शुद्धता की गारंटी
सम्बंधित फर्म:-
• न्यू भारत आभूषण भंडार बाबरा कॉम्पलेक्स देवीगंज रोड
हॉल मार्क और HUID है तो सोना है
• HOTEL BHARAT INN महाराजा गली के सामने देवीगंज रोड, अम्बिकापुर
मो.- +919826111507 +919575000507


आस्था, पवित्रता व सूर्य उपासना के महापर्व
सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं....
EARTH DAY, 2035
So... sorry!
SAVE TREE
SAVE LIFE
OXYGEN
PAPER
FRUITS
MEDICINE
NOTHING
"IF YOU CUT A TREE YOU CUT YOUR LIFE."
मैंने एक चिड़िया पाली.
एक दिन वो उड़ गई
फिर मैंने एक गिलहरी पाली...
एक दिन वो भी चली गई
फिर मैंने एक दिन एक पेड़ लगाया
दोनों वापिस आ गई
पेड़ लगाएँ - खुशियाँ पाएँ
DON'T CUT OUR BEST FRIEND
plant a tree and add a new friend in your life
एक नई पहल
वृक्ष की करो रक्षा
जीवन हो जायेगा अच्छा
अगर हर व्यक्ति अपने व अपने स्वजनों के जन्मदिन पर एक पेड़ भी लगाएं तो ये धरती फिर से आबाद हो जाएगी
चलिए सब मिलकर इसकी शुरूआत करें
mahindra Rise
शास्त्री ऑटो मोबाईल्स
(महिन्द्रा ट्रैक्टर्स - सेल्स, सर्विस, इम्पलीमेंटस)
सतीश मिश्रा (लवली)
मनीष मिश्रा (गुंजन)
खरसिया नाका, रिंग रोड, महामाया मंदिर मार्ग, अम्बिकापुर
Mob.: 9826876896, 7869007475
ब्रांच : सीतापुर, लखनपुर, उदयपुर, मैनपाट, बतौली, लुण्ड्रा, दरिमा
http://www.shastriautomobiles.com, http://www.mokshaguru.com


सूर्योपासना का महापर्व
छठपर्व
की
हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रेरणा स्त्रोत
माई श्रीमती तेतरी देवी
हम सब ने सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के उत्तरी हिस्से में बहने वाली बांकी नदी तट शंकर घाट में छठ महोत्सव का आयोजन मां महामाया छठ सेवा समिति के माध्यम से दो दशक पूर्व शुरू किया था। चंद लोगों के साथ शुरू किया गया यह महापर्व, अब महोत्सव का रुप ले चुका है। सूर्योपासना के महापर्व (छठ) पर यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु, मां महामाया छठ सेवा समिति की व्यवस्थाओं के बीच सूर्य उपासना करते रहे हैं। हमेशा पुलिस और प्रशासन का भी सहयोग मिलता रहा है। इस बार भी पुलिस, प्रशासन और शहर के सेवाभावी लोगों के सहयोग से मां महामाया छठ सेवा समिति ने शंकर घाट में व्रती श्रद्धालुओं के साथ यहां पहुंचने वाले समाज के सभी वर्ग के लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखा है।हम बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने प्रयासरत है।आप सभी के सहयोग के हम आभारी है। पुलिस और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन कर हम सूर्यदेव की आराधना का पर्व उल्लास के साथ मना रहे हैं, इन्हीं मंगलकामनाओं के साथ....
आपका अपना विजय सोनी मां महामाया छठ सेवा समिति शंकरघाट अंबिकापुर
जय छठी मईया की ... जय सूर्यदेव.....
विजय सोनी
दीपाली सोनी
कनिष्का सोनी
कार्तिकेय विजय सोनी
दिक्षा अग्रवाल
हर्ष (सीए) - श्रेया (सीए)
शंकर प्रजापति - गीता प्रजापति
शैलू सोनी - सीमा सोनी
अनंगपाल दीक्षित - अर्चना दीक्षित
असीम सेनगुप्ता - माधुरी सेनगुप्ता
अपूर्व सिंह - मनीषा सिंह
विमलेश त्रिपाठी - मयंक त्रिपाठी
अभिषेक सोनी - आरजू सोनी
सौरभ दुबे
वैभव दुबे
प्रत्युश सिंह
प्रणव राय
विशेश्वर सोनी
मुकुंद सोनी
सुनील सोनी
राकेश सोनी
राजेश स्वर्णकार
सूर्यदेव दूबे
मोनिष स्वर्णकार
निमेश सोनी
राकेश सोनी
अभिषेक सोनी
शांतनु
शिवेश कटेलिहा
सूटन सिंह
भानू सिंह
शिवम सोनी
यशवर्धन सिंह
हर्ष सिंह
धनराज
योगेन्द्र
नवीन
राज सोनी
कुणाल
करण
शशांक
आदित्य गौतम
आदित्य प्रताप सिंह
अंगद
पप्पू ठाकुर
बबलू कुशवाहा
सरस्वती देवी
किरण सोनी
सोभा सोनी
नीलम सोनी
सीमा सोनी
अनुपमा सोनी
उर्मिला सोनी
रूबी सोनी
डॉली सोनी
मोनू सोनी
श्वेता सोनी
भारती
आयुषी
गुनगुन
ओमी
आर्यन
अंशु
वंश
रूद्राक्ष
दक्षिता
सान्वी
कुहू
नन्नू
आराध्या
शगुन
बुढऊ
शिवाय
वैष्णवी
शर्विल सोनी
राकेश गुप्ता - रितु गुप्ता
वागा-न्यू साउथ वेल्स, आस्ट्रेलिया
संजीव सिन्हा - जया सिन्हा
सिम्फ़नी हाईट्स, सिंगापुर
सुखविंदर सिंह - नीलू न्यू जर्सी, यूएसए
रुबेश गुप्ता - रश्मि गुप्ता
संजय अग्रवाल - सुमन अग्रवाल
डॉ. सौरभ गोयल - डॉ. निधि गोयल
बामा राय - मुनमुन राय
कलकत्ता
गुलमोहर | मायापुर | अम्बिकापुर


समस्त सम्मानीय प्रदेशवासियों व सरगुजा क्षेत्रवासियों को
महापर्व सूर्यषष्ठी पर मंगलमय शुभकामनाएं...
ॐ भास्कराय पुत्रं देहि महातेजसे।
धीमहि तन्नः सूर्य प्रचोदयात्।।
जय हो सूर्य देव की जय हो छठी मैया की
छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मण साहू
श्रीमती फुलेश्वरी साहू
संजय साहू
श्रीमती विमला साहू
जयशंकर साहू
श्रीमती चंदा साहू
रेणु
प्रिया
प्रिंस
गौरव
सचिन
धर्मेन्द्र
विनीत : श्री श्याम कोल्ड स्टोरेज, बिलासपुर रोड, मणिपुर, अंबिकापुर - सरगुजा (छ.ग.) मों . 7440670000

## खबर संक्षेप



### साहित्यकार सत्येंद्र के दूसरे कविता संग्रह का विमोचन

**सोनगरा/सलका अधिना।** विकासखंड भैयाथान के ग्राम बैजनाथपुर में ग्रामीण परिवेश में बढ़े सत्येंद्र कुमार गुप्ता द्वारा रचित कविता संग्रह शब्दों की अभिव्यक्ति का विमोचन संघ कार्यालय सेवा कुंज में नागेश नाथ योगी, दुर्गा चरण सिंह, नरेश सोनी, दिनेश सिंह, अनीश गुप्ता, विजय शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमणि देवपाल पैकरा, जिला पंचायत सदस्य बाबूलाल मराप्पो द्वारा किया गया। सत्येंद्र गुप्ता वर्तमान में शाकउमा सोनगरा में भौतिक विज्ञान के व्याख्याता पद पर पदस्थ हैं। कार्यक्रम में विभाग समरसता प्रमुख अरुण कनोजे, विरेश सिंह, बलदाऊ, विनोद वैष्णव सहित अन्य उपस्थिति रहे।

### नगर साहू संघ की नई समिति गठित, बीड़ी लाल बने अध्यक्ष

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के मार्गदर्शन पर तथा जिला अध्यक्ष रामसेवक गुप्ता की उपस्थिति में साहू समाज धर्मशाला में नगर



अध्यक्ष साहू संघ की नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बीड़ी लाल गुप्ता, महामंत्री अंकित गुप्ता, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, मंजू गुप्ता, शोभा गुप्ता, हरिओम गुप्ता, सचिव दीपू गुप्ता को बताया गया है। साहू समाज के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष बीड़ी लाल गुप्ता पूर्व में जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में उनकी पत्नी जनपद पंचायत रामचंद्रपुर की सभापति हैं, जो निर्विरोध जनपद सदस्य निर्वाचित हुई थीं।

### भाग रहे हत्यारे को पकड़ने वाले युवकों को किया गया सम्मान



**अम्बिकापुर।** शहर में विगत दिनों बालिका की हत्या कर भाग रहे अपराधी को पकडने वाले गुरुदेव सिंह एवं हर्ष सिमरन सिंह को शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी, डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, विकास अधिकारी लवकेश बघेल, राजेन्द्र अग्रवाल, देवपाल सिंह, अधिवक्ता पंकज गुप्ता, हरपाल सिंह बाबरा, पूर्व पार्षद प्रमोद चौधरी, डॉ. सुशील मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, योगेन्द्र चौबे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी कमलेश सोनी ने किया।

### बकरी ने दिया 8 पैरों वाले मादा शावक को जन्म



**बिहारपुर।** विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम कोल्हुआ में एक बकरी ने असामान्य मादा शावक को जन्म दी है। जन्म के 15 मिनट बाद ही शावक की मौत हो गई। ग्राम कोल्हुआ बोकरा टोला निवासी रामकेश साहू की बकरी ने शनिवार को दो मादा शावकों को जन्म दिया। एक शावक के आठ पैर, तीन कान एवं दो कमर जबकि दूसरा मादा शावक सामान्य है। आठ पैर वाले असामान्य शावक को देख पशुपालक सहित आसपास के लोग हैरान थे। जन्म के 15 मिनट बाद ही असामान्य मादा शावक की मौत हो गई। जैसे ही लोगों को इसकी भनक लगी लोग मृत शावक को देखने रामकेश्वर के घर पहुंचने लगे।

### अत्यधिक रक्तस्राव से गंभीर प्रसूता की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर अस्पताल में प्रसव के गंभीर हुई प्रसूता की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। चिकित्सकों ने महिला की अत्यधिक रक्त स्त्राव होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया था। परिजन ने प्रसव कराने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोटगवां निवासी समतिया पति गौरीशंकर (34 वर्ष) शनिवार को प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन उसे प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने समतिया का प्रसव कराया तो वह स्वस्थ शिशु को जन्म दी। इस बीच प्रसूता को रक्त स्त्राव होने पर जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान कुछ समय बाद प्रसूता की मौत हो गई। परिजन ने प्रसव में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



### छठ घाटों में उमड़ी भीड़, तैयारियां पूर्ण, सुरक्षा के किए गए इंतजाम

# आज अस्ताचल सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य, खीर भोजन के साथ हुई कठिन व्रत की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूर्योपासना का महापर्व छठ शुरू हो गया है। रविवार को खरना के दिन व्रती महिलाओं ने घाट बंधान के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके साथ शाम को खीर भोजन कर कठिन व्रत की शुरुआत की और सोमवार को अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। व्रती अब उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद अपने व्रत का समापन करेंगे। इधर छठ पूजा को लेकर छठ घाटों में तैयारियां भी लगभग पूर्ण हो गई है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। इसके साथ ही पुलिस विभाग ने भारी वाहनों के मार्ग परिवर्तित किए है। वहीं छठ पूजा को लेकर बाजार में लोगों की भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में लोगों ने सूपा, दौरी, गन्ना, दिया व अन्य पूजन सामग्रियों की खरीददारी की।

चार दिवसीय शारदीय छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई थी। समितियों द्वारा छठ घाटों की साफ सफाई करने के साथ ही साज सज्जा की गई है जबकि प्रतिवर्ष उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर छठ घाटों का विस्तार किया गया है जबकि टेंट पंडाल, जगराता कार्यक्रम, पूजा के लिए दूध, ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है। शहर के शंकरघाट स्थित छठ घाट में मां महामाया छठ सेवा समिति के साथ ही घुनघुट्टा खर्रा नदी पर श्याम घुनघुट्टा सेवा समिति द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है। इसके साथ ही शहर के मरीन ड्राइव, शिवधारी कॉलोनी तालाब, शिव सागर बांध तालाब, महामाया तालाब सहित अन्य छठ घाटों भी में जोर शोर से तैयारियां की गई है। छठ पूजा के तहत शनिवार को व्रतियों ने नहान खान के साथ पूजा की शुरुआत की जबकि रविवार को घाट बांधने व खीर भोजन के बाद व्रतियों के कठिन व्रत की शुरुआत की। व्रती महिलाएं सोमवार को अस्ताचल सूर्य को पहला अर्घ्य देंगी जबकि 28 अक्टूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ पूजा का समापन किया जाएगा।



### सांसद, विधायक ने लिया छठ घाट की तैयारियों का जायजा

**राजपुर।** उत्तर वाहिनी गेउर नदी तट पर छठ महापर्व की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पूजा के दूसरे दिन खरना पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज एवं सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने घाट स्थल का निरीक्षण किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और व्यवस्था में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने मौके पर आरईएस विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देश दिया कि छठ पर्व के बाद शीघ्र ही स्थायी छठ घाट निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। घाट स्थल पर वॉटरप्रूफ पंडाल, तीनों ओर से सीढ़ियों की व्यवस्था, तथा पूरे मैदान में पानी छिड़काव जैसी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। समिति के सदस्यों ने सांसद चिंतामणि महाराज से स्थायी विद्युत व्यवस्था की मांग रखी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में घाट पर अस्थायी एक फेस लाइन से बिजली व्यवस्था की गई है, जिसे स्थायी करने की आवश्यकता है। सांसद ने तत्काल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि घाट पर 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर, समिति के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, आदि नगर वासी थे।





### व्रतियों ने आज छठ घाटों में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर किया घाट बंधान

**सूरजपुर।** छठ पर्व को लेकर नगर के विभिन्न छठ घाटों की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आज बड़ी संख्या में व्रतियों ने छठ घाटों में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर घाट बंधान किया। सोमवार को श्रद्धालुओं द्वारा अस्ताचल सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा।



परिवार की सुख समृद्धि की कामना को लेकर मनाए जाने वाला भगवान सूर्य के उपासना का महापर्व छठ नगर में धुमधाम से मनाया जा रहा है।आज बड़ी संख्या में व्रतियों ने छठ घाटों में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर घाट बंधान किया। 27 अक्टूबर को अस्ताचल सूर्य को पहला अर्घ्य एवं 28 अक्टूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन होगा। छठ घाट समिति के अध्यक्ष गणेश सोनी ने बताया छठ घाट में व्रतियों को उतरने के लिए एक किनारे में तो सीढ़ी लगभग चार वर्ष पहले बन गया था परन्तु दूसरे किनारे में आज तक सीढ़ी का निर्माण नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि छठ के समय कई जनप्रतिनिधियों का आवागमन होता है परन्तु आज तक सिढी निर्माण का महज आश्वासन ही दिया गया है जो धरातल पर कार्य नहीं दिखाई दे रहा है। सीढी निर्माण नहीं होने से श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा धूमधाम से प्रारंभ

**रामानुजगंज।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का शुभारंभ शनिवार को नहाय-खाय के साथ हुआ। आज व्रत के दूसरे दिन सैकड़ों की संख्या में व्रती महिलाएं कनहर नदी तट पर पहुंचीं, जहां विधि-विधान से स्नान, ध्यान और थाला पूजन किया। नदी से जल भरकर व्रती महिलाएं घर लौटीं और पूजा की तैयारियों में जुट गईं। शाम को खीर-भोजन के साथ खरना संपन्न होगा, जिसके बाद व्रती महिलाएं 36 घंटे के कठिन निर्जला उपवास की शुरुआत करेंगी। सोमवार की शाम व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी और मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन होगा। छठ पर्व को लेकर नगर में व्यापक तैयारियां की गई हैं।



### खर्रा नदी छठ घाट में उमड़ी लोगों की भीड़

शहर के शंकरघाट स्थित छठ घाट के बाद अब सबसे अधिक भीड़ घुनघुट्टा खर्रा नदी पर श्याम घुनघुट्टा सेवा समिति द्वारा किए जा रहे छठ पूजा आयोजन में उमड़ रही है। साफ व बहते पानी के साथ ही प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर घाट को लेकर लोगों में विशेष आकर्षण है। समिति द्वारा भी छठ घाट में व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है आकर्षक साज सज्जा के साथ लगभग 2 हजार घाट तैयार किए गए है। घाट पर बनारस से आए विद्वानों द्वारा विधि विधान से गंगा आरती की जाएगी जबकि समिति द्वारा जगराता का आयोजन भी किया गया है जिसमें भोजपुरी कलाकार प्रवीण सिंह भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव की पहल पर एक करोड़ की लागत से निर्मित शिव सागर बांध में भी व्यापक तैयारियां है। घाट बंधान के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, जिलाध्यक्ष कांग्रेस बाल कृष्ण पाठक व राकेश गुप्ता ने घाटों का दौरा किया और व्रतियों से मुलाकात की।

### शुरू हुआ लोकआस्था का महापर्व छठ

**सीतापुर।** डूबते सूरज को अर्घ्य देने के बाद घाट बंधाई के साथ सूर्यदेव को समर्पित महापर्व छठ पूजा शुरू हो गया। इस दौरान बाजारडांड एवं साई मंदिर के पास स्थित तालाब किनारे निर्मित छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। विदित हो चार दिनों तक चलने वाला लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा की शुरुआत शनिवार से शुरू हो गई थी। रविवार को अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती मीठा खीर का प्रसाद ग्रहण करते है। इसके अगले दिन 24 घँटे का निर्जला व्रत रखते हुए चौथे दिन उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन किया जाता है। छठपूजा को लेकर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाजारडांड एवं साई मंदिर के पास स्थित तालाब का नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई कराई गई है। इसके साथ ही छठ घाटों में साज सज्जा की गई है। व्रतियों के साथ श्रद्धालुओं के घाट में रुकने की पूरी व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा की गई है।

# फारेस्ट टुकुडांड ने ट्राईब्रेकर में कपसरा को हराया, खिताब किया अपने नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम गोटगंवा में आयोजित नार बुमकाल ओपन नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को संपन्न हुआ। फाइनल मैच फारेस्ट टुकुडांड और कपसरा की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। जिसमे बाद मुकाबले का फैसला ट्राईब्रेकर से किया गया, जिसमें फारेस्ट टुकुडांड की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए विजयी रही और ट्रॉफी अपने नाम की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यासागर सिंह ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, यह जीवन में अनुशासन और एकता का प्रतीक है। खिलाड़ी जब मैदान में उतरता है, तो वह पूरे गांव और समाज की पहचान बन जाता है। खेल भावना हमें संघर्ष और सफलता का सच्चा अर्थ सिखाती है। हार से घबराना नहीं, बल्कि हर बार बेहतर प्रदर्शन करना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। ग्राम गोटगंवा में हुए इस आयोजन ने क्षेत्र में खेलों के प्रति उत्साह को नई दिशा दी है और युवाओं को प्रेरणा देने का काम किया है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री नवीन जायसवाल,एसडीओ अनूप एक्का, त्रिभुवन सिंह टेकाम, थाना प्रभारी अमित कौशिक, छोटेलाल तिर्की, राजू सिंह आयाम, गोल्डी खान, डॉ. नारायण टेकाम, देवचंद पंडो के अलावा आयोजन समिति में चन्द्रिका प्रसाद आयाम, शम्भू मरावी, अपोलो कुजूर, मुकेश आयाम, जयप्रकाश खलखो, सुदामा पोया, रामसाय आयाम, रामबिलास मरावी, रोशन जगत, रामकिशुन पोया, देवनारायण आयाम सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



### प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज की नगर में निकाली जा रही प्रभात फेरी

- रविवार को शबद कीर्तन के साथ हुई शुरुआत

**बिश्रामपुर।** सिक्ख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिक्ख समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी सदियों से चली आ रही परम्परा अनुसार नगर में प्रभात फेरी निकालने का शुभारम्भ हो गया है, रविवार को प्रथम दिन सिक्ख सेवादार हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी सुखदेव सिंह के गृह निवास पर सेवा कराई गई,सुबह तड़के करीब सवा पांच बजे बड़ी संख्या में श्रद्धालु व साध संगत गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से निशान साहेब लेकर गुरबाणी शबद कीर्तन करते हुए हॉस्पिटल कॉलोनी पहुंचे, यहाँ पर रागी जत्थे ज्ञानी अमरदीप सिंह प्रीत एवं अजीत सिंह प्रीत द्वारा संगत के समक्ष शबद कीर्तन किया गया, अरदास समाप्ति पश्चात नाश्ते प्रसाद की सेवा की गई, सोमवार को दूसरी प्रभात फेरी की सेवा पूर्व प्रधान व सिक्ख सेवादार रणवीर सिंह भामरा द्वारा गुरुद्वारा में रखाई गई है,प्रभात फेरी के दौरान सिक्ख समाज के जसबीर सिंह टीटू,परमजीत सिंह जूनियर,अवतार सिंह मान,हरजीत सिंह सैनी,गुरदीप माखीजा,निंदर सिंह खालसा,मनी बग्गा,गगनदीप सिंह बग्गा,मनप्रीत सिंह सोहल,परमजीत सिंह टीटे,मंजीत सिंह उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411